यह बारहमासी घास है जो कई वर्षों तक नियमित रूप से हरा चारा देती है। इस फसल के लिये पानी की निकासी वाली भूमि की आवश्यकता है और फरवरी तथा मार्च महीने में यह बोई जाती है। इसकी जड़ें लगाई जाती हैं और प्रति एकड़ में ६,००० जड़ें पर्याप्त हैं। तीन महीने के बाद इसकी पहली कटाई मिलती है और बाद में दो महीने के बाद इसे काटा जा सकता है। यह फसल वर्ष में पांच-छः कटाई देती है और सालाना ६००-७०० मन हरे चारे की उपज देती है। साल में दो बार २०० पौण्ड अमोनियम सल्फेट तथा ५० पौण्ड सुपर फासफेट डाला जाता है। पहली खाद जाड़ों में तथा दूसरी खाद वर्षा ऋतु में दी जाती है।

(शेष पृष्ठ ३३ पर)

मध्य प्रदेश में ग्राम योजना की प्रगति

जी० सी० जुनेजा
संचालक, पशुपालन विभाग, मध्य प्रदेश, रीवां

पहली पंचवर्षीय योजना के अन्त तक मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अस्सी मुख्य ग्राम खण्डों के साथ भारत सरकार द्वारा १६ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र भी खोले गये। इनमें विंध्य प्रदेश राज्य द्वारा खोले गए कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों के अतिरिक्त रीवां में शुरू किये गये ४ मुख्य ग्राम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पहली योजना में मुख्य ग्राम के अतिरिक्त राज्य ने अपने तीन कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र भी खोले हैं। आर्थिक सीमाओं तथा विभागीय वार्षिक योजना को घटाने के कारण दूसरी योजना के लिए निर्धारित लक्ष्यों में संशोधन करना पड़ा।

प्राप्त वीर्य का अभी पूरा इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। कुछ क्षेत्रों में जनता की प्रतिकूल भावना के कारण कृत्रिम गर्भाधान अभी तक लोकप्रिय नहीं हो सका है। यह महसूस किया जाता है कि कृत्रिम गर्भाधान के लिये हर मुख्य ग्राम खण्ड में वीर्य उत्पादन के वास्ते चार सांडों का रखना तथा उन्हें मुख्य ग्रामों में भेजने का वर्तमान तरीका बहुत खर्चीला है। वीर्य संग्रह नाजुक प्रक्रिया है और प्रजनन सांडों को उचित रूप से रखने के लिए सख्त निरीक्षण की आवश्यकता है। पर्याप्त खाद्य तथा अभ्यास के अतिरिक्त उत्तम प्रबन्ध भी आवश्यक है। केन्द्र के अधिकारी के गुण के अनुसार वीर्य संग्रह की कला तथा सांडों का प्रबन्ध एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र में भिन्न हुआ करता है और असावधानी बरतने के कारण प्रायः कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लिये रखे गये सांड खराब हो गये हैं। वीर्य के संरक्षण तथा यातायात पर अब काफी ध्यान दिया जाता है। कृत्रिम गर्भाधान के लिये प्रयुक्त सांडों का अधिकत्तम लाभ उठाने के लिये यह आवश्यक है कि नये कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का खोलना सीमित किया जाय और प्राप्त वीर्य का पूरा उपयोग किया जाय। विकास आयोग के साथ विचार विनिमय के बाद राष्ट्रीय विकास केन्द्रों तथा सामुदायिक केन्द्रों में करीब सौ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने का निश्चय किया गया था। वर्तमान केन्द्रों से इन केन्द्रों को वीर्य भेजा जायेगा और स्थानीय पशु-प्रजनन के लिये कृत्रिम गर्भाधान का कार्य शुरू किया जायेगा। कृत्रिम गर्भाधान के लिये आवश्यक अल्प अतिरिक्त खर्च के साथ लम्बे क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाएं दी जायेंगी। इसके कारण प्रति सांड कृत्रिम गर्भाधान की संख्या भी बढ़ेगी।

उत्तम खाद्य, प्रजनन, प्रबन्ध, रोग-नियंत्रण, पशुधन तथा पशुधन पदार्थों के लाभदायक क्रय आदि द्वारा सर्वांगीण विकास करना ही मुख्य ग्राम योजना का प्रधान ध्येय है। अब तक प्रजनन पर अधिक जोर दिया गया है और अनुदानों की कमी के कारण रोगनियंत्रण पर पूरा ध्यान नहीं दिया गया।

पशुपालक की आय बढ़ाने के लिये पशुधन पदार्थों के लाभकारी क्रय की सुविधाएं अभी तक नहीं दी गई हैं। योजना की प्रगति के असंतोषप्रद कारण निम्नलिखित हैं।

प्रजनन नियंत्रण

प्रभावशाली प्रजनन नियंत्रण के लिये यह आवश्यक है कि मुख्य ग्राम क्षेत्रों में प्राप्त अज्ञात कुल के सांडों को प्रजनन काम में न लाया जाय। जनता की धार्मिक भावना के कारण बड़े पैमाने पर सख्त ढग से बधिया करना संभव नहीं है। कई केन्द्रों में धार्मिक भावना से प्रेरित होकर जनता द्वारा छोड़े गये अज्ञात कुल पशु घूम रहे हैं। जनता उन्हें बधिया करने तथा क्षेत्र से निकालने पर विरोध करती है। राज्य में पहले से ही पशुधन विकास विधेयक पारित हो चुका है लेकिन कड़े रूप से उसे अमल में लाने से हम अधिक संख्या में सांड तथा जनसहयोग से हाथ धो बैठेंगे जब कि विकास कार्य के लिये जन सहयोग की आवश्यकता है। अतः इस विधेयक को केवल कुछ ही मामलों में लागू किया जाता है जहां यह लाजमी हो जाता है। अब तक केवल चार पांच मुख्य ग्राम क्षेत्रों में इसे

अमल में लाया गया। लेकिन वहां पर भी इसके अमल में कड़े कदम नहीं उठाये गये। केवल अवांछित युवा सांडों को बधिया किया जाय। आमतौर पर मालवा क्षेत्र के किसान अपने नरबछड़ों को विलम्ब से बधिया करते हैं, क्योंकि उनका खयाल है कि पहले बधिया कर देने से बछड़ों की वृद्धि रुक जाती है और वे उत्तम बैल नहीं बन सकते। प्रजनन की दृष्टि से ये बछड़े जल्दी परिपक्व हो जाते हैं और गायों को ब्याते हैं। मालवा क्षेत्र के सरकारी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों के लिये ये बछड़े जटिल समस्या बन गए हैं।

जनता की भावना

लोकमत ने अब तक कृत्रिम गर्भाधान को उत्तम प्रजनन के लिये उपयोगी सहायता के रूप में स्वीकार नहीं किया है। इसे अधिक लोकप्रिय बनाने के लिये पर्याप्त प्रचार करने की जरूरत है और इस दिशा में हर सम्भव प्रयत्न किया जा रहा है। कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछड़े तथा उनका फलप्रद कार्य ही प्रचार के उत्तम साधन बन सकते हैं। जहां कहीं कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हैं वहां उत्तम बछड़े उत्पन्न हुए हैं, वहां कृत्रिम गर्भाधान की लोकप्रियता बढ़ रही है। नये स्थापित केन्द्रों में कृत्रिम गर्भाधान को जनप्रिय बनाने में समय लगेगा और फलस्वरूप प्रारम्भिक दशा में कृत्रिम गर्भाधान की संख्या सीमित होगी। इसके अतिरिक्त जब कभी नये केन्द्र खोले जायें तो इन केन्द्रों के लिए ज्ञात प्रजनन क्षेत्रों से युवा बछड़े खरीदे जायें। यदि बछड़ों को युवावस्था में न खरीदा गया तो किसान उन्हें बधिया करके बैल बना देते हैं। युवा बछड़ों को केन्द्रों में लाने के बाद सावधानी से देखभाल की जाय और उन्हें कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लिये उचित प्रशिक्षण दिया जाय। फलस्वरूप नये केन्द्रों में प्रारम्भिक दशा में सीमित कार्य होता है और कृत्रिम गर्भाधान की संख्या कम होती है।

साधारणतया अभी तक हमारे किसानों ने पशु सुधार कार्य में विशेष रुचि नहीं दिखाई है। छत्तीसगढ़ इलाके में किसान केवल गोबर तथा उपले के लिये गाय पालते हैं और उनके पालन पोषण में लापरवाही दिखाते हैं और कृषि कार्य के लिये भैंसाओं का उपयोग करते हैं। अनुत्पादक पशु संख्या घटाना आवश्यक है ताकि किसान उत्पादक पशुओं की ओर पूरा ध्यान दे सकें।

खाद्य

हमारे पशुओं की अपनी स्वस्थ वंश-परंपरा है जो उनके वर्तमान कार्यकलाप की अपेक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। उनके खाद्य पर उचित ध्यान देने से पशु उत्पादन का अधिक विकास शीघ्र हो सकता है। पशु संख्या अत्यधिक है लेकिन उनके लिये आवश्यक खाद्य तथा चारे सीमित हैं। फलस्वरूप पोषाहार का अभाव है जिससे हमारे पशुओं की स्थिति बिगड़ रही है। पशुविकास में खाद्य का महत्वपूर्ण हाथ है और वर्तमान परिस्थितियों में खाद्य उत्तम प्रजनन की अपेक्षा अधिक महत्व-पूर्ण है।

वर्तमान मुख्य ग्राम खण्डों में खाद्य तथा चारे के विकास के लिये हर संभव प्रयत्न करने की पूरी व्यवस्था है। धान के क्षेत्र में दाने को सहायता के रूप में देकर संतुलित खाद्य के लिये भी व्यवस्था की गई है। फिर भी यह स्पष्ट है कि उत्तम चारा-उत्पादन के लिये सारा कार्यक्रम आवश्यकताओं की पूर्ति करने में बिलकुल अपर्याप्त है। मुख्य ग्राम खण्डों में दस एकड़ प्रदर्शन चरागाह रखने का सुझाव दिया गया है। वस्तुतः यह सुझाव अव्यवहारिक है। इसके निरीक्षण तथा अमल के लिये आर्थिक सहयोग की व्यवस्था नहीं की गई है। चारा उत्पादन की मितव्ययता तथा फसल चक्र कार्य-क्रम में उत्पादन घटाये बिना किस प्रकार चारे की फसल बोई जाय--किसानों को इन तथ्यों से अवगत कराना आव-श्यक है।

अधूरे कार्यक्रम से योजना के लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते। पशु-विकास के हित में एक प्रभावशाली अभियान शुरू करना होगा। उत्तम चारा-उत्पादन के लिये प्रोत्साहन, फलीदार फसलों की उत्पत्ति के लिये आर्थिक सहायता, चराई क्षेत्र के संरक्षण तथा विकास के लिये आव-श्यक मदद आदि उपायों को अमल में लाने से पशु विकास का कार्य सफल हो सकता है। बड़े पैमाने पर चारा-उत्पादन अभियान शुरू करने के लिये यह आवश्यक है कि चारे के उत्पादन तथा उत्तम फसल चक्र कार्यक्रम के प्रदर्शन के लिये चारे के बीज फार्मों का निर्माण किया जाय। चारे के विकास को वर्तमान अपर्याप्त कार्यक्रम के कारण ही बड़े पैमाने पर पशु-विकास की सर्वांगीण प्रगति नहीं हो सकी। मुख्य ग्राम

(शेष पृष्ठ ३६ पर)

पशु विकास का एक आवश्यक साधन—छटनी

सी० बी० सिंह

सहायक संचालक, स्टेट मेकनाइज्ड फार्म, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सबसे पिछड़े हुये जानवरों को निकाल देने के कार्य को किस सीमा तक हम उचित कहते हैं इसी पर पशुओं के समूह का उचित संगठन आधारित है। पशु सुधार एक क्रमशः होने वाली प्रक्रिया है। पशु सुधार के दो मुख्य साधन हैं: (१) अच्छे सांडों का प्रयोग, तथा (२) बधिया व गायों की पूर्णतः छटनी करते रहना। पूर्ण उन्नति का ३५ से ५० प्रतिशत उत्तरदायित्व छटनी पर ही आधारित है और योग्य सांडों का प्रभाव अन्य उन्नति के भाग के प्रति उत्तरदायी है। छटनी का मुख्य सिद्धान्त परिणामस्वरूप मालिक के लिये उचित बचत है जो सर्वाधिक आर्थिक लाभ के आरम्भ होने के पूर्व ही प्राप्त हो जाता है। एक पशु किसी एक समूह में से विसर्जनीय हो सकता है परन्तु वह अन्य समूह की आर्थिक स्थिति में उचित उपयोगी सिद्ध हो सकता है। यह भारतीय परिस्थितियों में अधिक परिवर्तनशील है जहां कि डेरी के पशुओं के प्रबन्ध की दशा अत्यन्त असंगठित है।

अन्य सिद्धान्त जो कि पशुओं की छटनी पर प्रभाव डालते हैं इस भांति हैं: (१) पशुओं के रखने का उद्देश्य उदाहरणार्थ दूध पैदा करने के लिये या नस्ल सुधार के लिये। (२) समूह किस प्रकार का है उच्च, मध्यम अथवा निम्न श्रेणी का। (३) पशु समूह निवास की स्थिति, मंडी से दूरी या सड़क व यातायात की स्थिति। (४) विधि यदि कोई हो। (५) उसी भांति की अन्य उद्योग संस्था के लाभ का स्तर। (६) निकाले हुये बधिया व सांडों की स्थिति की उचित पूर्ति। इन सब का मुख्य ध्येय अधिक से अधिक लाभ उठाना और उतने ही प्राणी, श्रम, भूमि व अर्थ और बुद्धि के लगाने पर है।

पशुओं के प्रबन्ध के विषय में जानकारी व अनुभव के अतिरिक्त पशु-पालक के लिये अपने कार्य के पूर्ण करने की इच्छा व दृढ़ निश्चय आवश्यक हैं। यह प्रत्येक सफल कार्य के लिये आवश्यक है। पशु पालक की तीक्ष्ण दृष्टि सदैव पशु समूह में से अवगुण निकालने के लिये तत्पर रहनी चाहिये। उन्नति के लिये इन अवगुणों का शीघ्र ही निकालना अनिवार्य है। इस कारण पशुपालक को प्रत्येक स्थिति में छटनी का साधन पशु-समुह के सुधार हेतु काम में लाना चाहिये। बच्चे के जन्म के समय से बुढ़ापे की प्राकृतिक मृत्यु के अन्त तक निम्न प्रकार की स्थितियां हैं:

(१) जन्मावस्था पर

(१) वयों का आदर्श के अनुसार न होना। (२) पशु-समह की अयोग्य (कम दूध देने वाली) गायों के बच्चे। (३) अवगुणों के साथ पैदा हुये बच्चे, जैसे किसी अंग में कमी होना। (४) कम भार। (५) उचित रंग के अनुसार न होना इत्यादि।

(२) छोटे बच्चों के लिये

(१) कम विकास। (२) रोग (३) फुर्तीला न होना।

(३) बछिया के लिये

(अ) अधिक उम्र में परिपक्व होना। (ब) बछड़े का नपुंसक होना। (इ) शारीरिक विकास कम होना। (ई) आंख या पैर में कोई विशेष चोट।

अवांछित पशुओं का बहिष्कार या अयोग्य पशुओं की छटनी पशु-प्रबंध का वांछनीय उपाय है।

(४) बड़ी गायों के लिये

(अ) कम दूध देना । (आ) दूध न देने के समय का अधिक होना । (इ) बांझ । (ई) अयन या उसका कोई अंग मारा जाना । (उ) असाधारण दूध देना (खूनी, गांठदार या पानीदार) पशुओं का अधिक मोल होना । (ऊ) देखने में अच्छा न लगना । (ए) अवगुणों का विकास—स्वाभाविक बनावट व रोग संबंधी ।

(५) सांड

(अ) सुस्त होना व बार बार असफल गर्भाधान प्रयास । (आ) नपुंसक होना । (इ) दुर्बल होना । (ई) रोग । (उ) अवगुणों का विकास जैसे स्वाभाविक, बनावट व रोग संबंधी ।

स्थान की उचित पूर्ति

एक अधिक दूध देने वाले समूह के विकास करने का अत्यन्त आवश्यक साधन यह है कि कम दूध देने वाली गायों की अच्छी तरह व अपने यहां पाली हुई और उचित विकसित औसर, जिसकी कि दूध देने की शक्ति अधिक हो, से दूध लिया जाय । जब पूर्ति करने के लिये अधिक मात्रा में पशु मिलें तो छटनी अधिक मात्रा में की जा सकती है । अमरीका में गायें अधिक दूध देने वाले समूह में माध्यमिक तीन या चार वर्ष तक रहती हैं । इसी मध्यान्तर में प्रत्येक दो गायें लगभग अपने पीछे तीन बछियां छोड़ती हैं जो कि ब्यांत और कमी की पूर्ति के लिये प्रयोग में लाई जाती हैं । इस प्रकार प्रत्येक गाय से औसतन डेढ़ बच्चा मिलता है जिसमें एक बछिया अपनी मां की पूर्ति करती है, बाकी आधा कम दूध देने वाली गायों को अधिक मात्रा में पहले व दूसरे ब्यांत में निकाल सकते हैं । उन पशु पालकों से जो कि बच्चों की ही छटनी अधिक मात्रा में कर देते हैं साधारणतः फार्मों पर हमें बहुत कम दूध देने वाली गायों की छटनी पहले ब्यांत पर करनी चाहिये, अथवा सबसे नीचे वाली २५ प्रतिशतों की । परन्तु प्रायः हमें उनको बचा लेना चाहिये जिनकी पैदावार समूह के औसत से तनिक कम हो, मुख्यतः जबकि वह औसत से ऊंचे वाले वंश की हो । कुछ पशु पालकों का कहना है कि वह औसर या नई गायें खरीद कर पूर्ति भली भांति कर सकते हैं । वे यह भी कहते हैं कि अपने यहां उन गायों के बच्चों को विकसित करके पूर्ति करने में अत्यन्त भय है । इसके अतिरिक्त उचित पशुधन का मिलना भी कठिन है । राजकीय फार्मों व कुछ सुसंगठित फार्मों के अतिरिक्त कहीं भी पूर्णतया लेखा नहीं रखा जाता ।

भारतवर्ष में अधिकतर डेरी के पशुओं का क्रय-विक्रय चुनाव व छटनी उनकी पैदावार व बाह्य दिखावट पर निर्भर है । इसके विरुद्ध कुछ पशु उनकी या अधिक दूध की पैदावार के लेखे पर चुने जाते हैं व उनकी बाह्य दिखावट पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता ।

वास्तव में सबसे अधिक सन्तोषजनक आधार जिस पर छटनी होनी चाहिये, दो बातों का मिश्रण है : (१) पशु की शारीरिक बनावट-दिखावट का ध्यान से अध्ययन करना । (२) उनकी स्वयं दूध की पैदावार या उनके निकट संबंधियों की पैदावार । पैदावार का लेखा एक विशेष साधन है जिस पर कि नींव वाले समूह की छटनी या उसकी पूर्ति या सांडों की पूर्ति निर्भर है । पैदावार का लेखा—डेरी के पशुओं की छटनी करते समय पैदावार का लेखा तीन मुख्य बातों पर प्रकाश डालता है; उदाहरणार्थ पैदा करने की शक्ति, वंशानुक्रमीय गुणों को देने की शक्ति और दीर्घायु होने की शक्ति देना । जिन गायों का अधिक मात्रा में दूध देने का लेखा हो और जिनकी वंशानुक्रमीय गुणों को देने की शक्ति सिद्ध हो चुकी हो वे ही गायें नींव की पूर्ति के लिये सर्व श्रेष्ठ चुनी जानी चाहिये । अधिक दूध देने वाली गायें स्वयं वंशानुक्रमीय गुणों को देने की शक्ति की न होने के कारण परिणामस्वरूप गाय व सांड को अच्छा होना चाहिये । तब ही वे वंशानुक्रमीय गुणों को देने के लिये योग्य प्रमाणित होंगी । क्योंकि दूध का बनना बहुत ही जटिल क्रिया है । यह बीस जोड़े बातों पर निर्भर है । ये उसकी मां व बाप से उसमें आते हैं । इनमें से कुछ अधिक दूध देने के लिये उत्तरदायी हैं और कुछ कम दूध देने के लिये । क्योंकि इन जीन्स की संख्या बहुत अधिक होती है, इस कारण एक मुख्य मिश्रण होने की सम्भावना बहुत कम हो जाती है जिससे कि बच्चे के दूध की पैदावार अपने अनुमान के अनुसार नहीं होती । फिर भी जब अधिक दूध देने वाली गायें उन सांडों से मिलाई जाती हैं जिनकी

मां भी अधिक दूध देने वाली होती हैं, तो बच्चे भी अधिक दूध देने वाले होते हैं । निकट संबंधी सांडों को चुन लेना व गायों पर उनका प्रयोग करना एक इच्छित मिश्रण को प्राप्त करने का साधन है । परन्तु ऐसा करने में अवगुण आने की सम्भावना रहती है ।

डेरी के पशुओं के वंशानुक्रमीय गुणों के देने की शक्ति को ज्ञात करने के हेतु बहुत समय की आवश्यकता है और जब वे अपनी योग्यता प्रमाणित कर देते हैं तब उनका अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिये । सांड की छटनी करना नियमानुसार सबसे जटिल व आवश्यक समस्या है जो कि एक उत्तम डेरी के पशुधन के प्रबन्ध के काम में आती है, क्योंकि भारतवर्ष में उत्तम सांड का मिलना स्वयं एक समस्या है । सांड का स्वयं अच्छा होना एक और विशेष महत्व रखता है, फिर भी यह बात पूर्ण विश्वास नहीं दिलाती कि इसकी बछिया भी अधिक दूध देने वाली होगी । सांड भी गायों की भांति वंशानुक्रमीय गुणों को देने की शक्ति के लिये प्रभावशाली होने चाहिये । सांड के प्रथम प्रयोग होने के समय से उससे कम से कम पांच बछियों के ब्याने व उनकी दूध की पैदावार होने के समय तक बहुत अधिक समय बीत जाता है । इस समय तक यदि वह सांड खराब हो तो अधिक हानि कर चुका होता है और यह भी सम्भव है कि अच्छे सांड की उस समस्या तक छटनी कर दी गई हो ।

दीर्घायु होना एक नींव वाली गाय के चुनने व छटनी करने में एक औसरया सांड की पूर्ति के लिये एक अनिवार्य सिद्धान्त है ।

सर्वमान्य प्रकार एक दूसरा महत्वपूर्ण सिद्धान्त है जो कि एक डेरी के पशुओं की छटनी करने में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है ।

★

घास—प्रकृति की उपयोगी देन (पृष्ठ २८ का शेष)

पारा घास

यह पानी से घिरे क्षेत्र में उष्ण तथा गीले मौसम में बढ़िया उग सकती है । वर्षा ऋतु के प्रारम्भ तथा वसंत में इसे बोया जाता है । इसे बोने के पहले १५-२० गाड़ी खाद प्रति एकड़ डाली जाती हैं । सालाना प्रति एकड़ ५००-६०० मन हरा चारा प्राप्त होता है । यह बहुत ही स्वादिष्ट घास है और सभी पशु इसे बहुत पसन्द करते हैं ।

मानवीय खाद्य

मानव जाति के लिये सबसे महत्वपूर्ण खाद्य गेहूं, धान आदि अन्न हैं । कुछ निश्चित घासों के बीज भी आदिवासियों के लिये महत्वपूर्ण खाद्य सिद्ध हुए हैं । दाने के बीजों को घरेलू पशुओं के लिये खाद्य की तरह उपयोग किया जाता है ।

भूमि का संरक्षण

घास जमीन को रक्षा करती है और उसे नाश से बचाती है । रेतीले समुद्र तथा नदियों को जमीन काटने से भी रोकती है । हमारी कृषि के लिये बाढ़ों का उपद्रव एक समस्या है । विपुल मात्रा में घास उगाने से बाढ़ों का प्रकोप घट सकता है ।

घास से उत्पन्न खाद्य हमारे स्वास्थ्य की वृद्धि करते हैं । प्रकृति के साथ यह हमारा मेल है । यदि हम पशुधन और खेती के लिये अधिक घास उगायेंगे तो हमारी भूमि के साधनों का अच्छा उपयोग हो सकता है । घास से पहाड़ों, स्कूल तथा मकान के आंगनों और रास्ते के कोनों की सजावट भी होती है । ऐसा करने से घास की उपयोगिता तथा क्षमता बढ़ती है । सुन्दरता सफाई लाती है और सफाई संसार के लिये एक आवश्यक गुण है । इसलिये प्रकृति प्रदत्त घास मानव तथा पशु दोनों के लिये आवश्यक है ।

दुग्ध ज्वर और उसका उपचार

प्रयाग चन्द मोहता

पशु-पालन बिस्तार अधिकारी, सूरतगढ़

यह गायों और भैंसों का रोग है पर कभी कभी बकरियों में भी हो जाया करता है। यह रोग बच्चा होने के एक या दो दिन बाद हो जाता है। दूधारू गायें और भैंसें ही अक्सर इस रोग से पीड़ित होती हैं। सर्व प्रथम बच्चा देने वाले बूढ़े पशुओं में यह बीमारी नहीं होती। इसमें लकवा और बेहोशी दो प्रधान लक्ष्य हैं।

कारण

पशु के बच्चा देने के पश्चात रक्त में चूने की कमी आ जाती है जिससे लकवा और बेहोशी हो जाती है।

लक्षण

पशु के बच्चा देने के २४ घन्टे से दो रोज तक इस रोग के लक्षण प्रगट होते हैं। प्रारम्भिक अवस्था में पशु सुस्त हो जाता है और गमन करना बंद कर देता है। यदा-कदा शरीर की मांस पेशियां फड़कने लग जाती हैं। पशु की नजर भी कमजोर हो जाती है और मुंह से राब गिरने लगती है। चलने में पशु लड़खड़ाता है और अपनी गर्दन उचित ढंग पर नहीं रखता। पशु खड़ा नहीं रह सकता और पैर ऊपर कर नीचे सिकोड़ लेता है। यह बीमारी अविलंब बढ़ती है।

आंखों की चमक का कम होना, श्लेषमक तिल्लियों का रक्त वर्ण होना, और खाना पीना बन्द कर देना आदि भी इस रोग के लक्षण हैं। हां, तापक्रम ९७ से १०१ डि० फार० तक रहता है। कभी कभी पशु अफारे का भी शिकार हो जाता है। सींग, पैर और थन ठंडे पड़ जाते हैं। उचित समय पर देखरेख और उपचार नहीं किया जाय तो पशु का प्राणान्त हो जाता है।

उपचार

एक समय था जब कि छूत रोग के रोगी शत प्रतिशत मर जाया करते थे। पर जब से निश्चित उपचार का पता चला है ९० प्रतिशत पशु बचने लगे हैं। इसमें 'कैलशियम गुलुकोनेह' का ३०० से ४०० सी० सी० शिरान्तर्गत सूचीवेध तथा ७५ से १२५ सी० सी० तक त्वचान्तर्गत देना चाहिये। यह स्मरण रखना चाहिये कि जो सूचीवेध शिरान्तर्गत दिया जाए उसके घोल का तापक्रम १०० डि० होना चाहिये। सूचीवेध जहां तक हो सके छोटी सूई से आहिस्ता आहिस्ता लगाना चाहिए क्योंकि जल्दी लगाने में हृदय अवरोध का भय रहता है। सूचीवेध लगाने में १५ मिनट से आध घन्टे तक का समय लगाया जा सकता है। त्वचान्तर्गत सूचीवेध एक ही स्थान में न लगाकर कई स्थानों पर लगाना अच्छा है।

थनों से दूध निकाल कर और उसमें चूचुक नालिका लगाकर साईकिल के पम्प द्वारा हवा भरना भी लाभकारी सिद्ध हुआ है। चूचुक नालिका को थनों से निकालने से पूर्व थन को रस्सी के टुकड़े से बांध देना चाहिये ताकि हवा बाहर न निकलने पाए। हवा भरने के कुछ समय बाद पशु को करवट बदल देनी चाहिए।

ग्रामीण उपचार

चिरमिच अथवा मूंग के दाने के बराबर रसकपूर की डली लेकर एक केले को चीर कर कुछ समय के लिए रख दें और यह केला रोगी पशु को खिलाएं।

कुछ स्मरणीय बातें :—पशु को शीघ्र पचने वाला लेकिन कम खाने को देना चाहिए। दूध दलिया आदि अल्प मात्रा में देना उचित है। पशु के थनों पर कपूर समभाग तेल में मिला कर अथवा अमृत तेल मलना चाहिए। पशु को साफ स्थान में रखना चाहिए।

ठीक होने पर गुड़ और बाजरी का दलिया कुछ रोज के के लिए देना उचित है।

विशेष

१—इस रोग में 'डेक्सटोन' का २॥ प्रतिशत का घोल अच्छा कार्य करता है।

२—अनुभव बतलाता है कि दुग्ध ज्वर में अम० अफ० सी० सोल्युशन भी उपयोगी है।

पशुओं के लिये उपयुक्त पकड़

महेन्द्र प्रताप जौहरी

पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश मथुरा

पशुओं की देखभाल के लिए यह आवश्यक है कि एक पकड़, अड़गड़ा होना चाहिए जिसमें उनको बन्द करने के बाद वे लात न मार सकें, न भाग सकें। पशु सुधार केन्द्रों में, फार्मों में, पशु-चिकित्सालयों में, गोशालाओं में यह अत्यन्त आवश्यक उपकरण है। इसको भिन्न-भिन्न नामों से पुकारा जाता है पर इसके लाभ और इसकी आवश्यकता सर्व विदित हैं।

उन्नत तरीका

पकड़, अड़गड़ा, कटघरा, कैटल क्रुश, ट्रिविस, कैटलचूट आदि सब एक ही उपकरण के नाम हैं। ऐसी नितान्त आवश्यक सज्जा में भी वैज्ञानिक की गुंजाइश है, जिससे यह अधिक उपयोगी या टिकाऊ हो सकें। यह सज्जा अधिकतर लकड़ी के मोटे-मोटे खम्भों से बनाई जाती है और इसे स्थिर रखने के लिए इसका दो-तिहाई भाग धरती में मजबूती से गाड़ दिया जाता है। लेखक ने गत २०-२५ वर्षों से इसमें कोई भी परिवर्तन होते नहीं देखा, यह पकड़ एक स्थान से दूसरे स्थान को स्थानांतरित नहीं की जा सकती। लकड़ी का वह भाग जो धरती में गाड़ा जाता है, दीमक उसे चाट जाती है या वह सड़-गल जाता है। यह अधिकतर खुले हुए स्थान पर लगाया जाता है। इससे हवा पानी, धूप आदि का कुप्रभाव लकड़ी पर पड़ता है और वह कुछ ही वर्षों में नष्ट या कमजोर हो जाता है। इसकी मरम्मत भी नहीं हो सकती और दो-तीन वर्षों में ही दूसरा नया बनवाना पड़ता है। व्यय व असुविधा तो होती ही है और इससे भी अधिक संस्था की कार्यक्षमता बहुत गिर जाती है।

क्या किसी प्रकार इस उपकरण को अधिक उपयोगी तथा टिकाऊ बनाया जा सकता है? यह प्रश्न नग्न अवस्था में लेखक के सामने १९५४ ई० में आया जब उसे बांझपन निरोध अनुसंधान केन्द्र, मथुरा, के लिए एक ऐसे ही उपकरण की आवश्यकता थी। प्रश्न पर विचार-विनिमय किया गया। इस प्रकार के उपकरण जो भिन्न-भिन्न संस्थाओं में लगे थे, देखे गये। अनील्ड, एक अंग्रेजी फर्म का नल से बना हुआ यन्त्र भी देखा गया। उसको मंगाने में व्यय भी अधिक था तथा विदेशी मुद्रा की भी आवश्यकता थी। नल से यह उपकरण देशी भी बनवाया जा सकता है पर मूल्य अधिक होने के कारण उसे भी त्याग दिया गया। व्यवहारिक रूप से अब प्रश्न यह था कि लकड़ी का प्रयोग करके ही इसे अधिक टिकाऊ कैसे बनाया जाये?

देश में लोहे की कमी है। कदाचित इसीलिये केवल नल से बना हुआ यन्त्र बहुत महँगा पड़ता है। ऊपर का ढांचा सब लकड़ी का रखा गया और लकड़ी के खम्बों को धरती में गाड़ने की बजाय उन्हें धरती में गड़े हुए लोहे के साथ बोल्टों में कस दिया गया। लकड़ी को एन्टी टरमाईट पेन्ट (कीटनाशक रंग) से रंग दिया गया। यह उपकरण गत ६ वर्षों से खुले हुए स्थान पर लगा रहा और अब भी नया सदृश्य है।

अभी इसे स्थानांतरित करने की आवश्यकता हुई, बोल्ट खोल लेने से खम्भे अलग हो गये और वे फिर नये स्थान पर लोहे की पटरियों पर लगा दिये गये। ऐसा करते समय ही इसका मुख्य लाभ प्रतीत हुआ, साथी वैज्ञानिकों ने इसकी सराहना की। देश में इस समय चालीस पचास हजार यह उपकरण होंगे और अनुमान है, प्रत्येक वर्ष तीन-चार हजार पुरानों के स्थान में बनते होंगे और कुछ हजार नये भी—भविष्य में यह संख्या दूनी-तिगुनी हो जायगी, जब किसान गायों पर अधिक ध्यान देगा।

अम्बर चर्खे के आविष्कार ने खादी क्षेत्र में एक नया मोड़ दिया है। यह भी पशु पालन एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र में एक पग आगे बढ़ने में सहायक होगा ऐसा अनुमान है। इसके बनाने की विधि इस प्रकार है :—

(अ) चार लकड़ी के खम्भे जो ५ फुट लम्बे, ८" मोटे हों। लकड़ी मजबूत किस्म की होनी चाहिए जैसे शीशम, सागोन या तुन। धरती से २"-६" के ऊपर एक लकड़ी दो खम्भों को जोड़ती है और दूसरी १"-६" के अन्तर पर। यह जोड़ वोल्टों से लगाये जा सकते हैं जिससे खोलने में भी सुविधा हो।

(ब) लकड़ी के क्रास बार (Cross Bar) भी दो आगे तथा दो पीछे लगाये जाते हैं। ये अधिकतर गोल रखे जाते हैं जिससे निकालने-डालने में सुविधा हो और लोहे के क्लिपों में लगाये जाते हैं।

(स) लकड़ी को धरती में गाड़ने की बजाय लोहे की सवा इन्च चौड़ी पत्ती जो चौथाई इन्च मुटाई की होनी चाहिए, अंग्रेजी वर्ण माला के U अक्षर की बना कर धरती में गाड़ दी जाती है। और इसे लकड़ी के खम्भों में वोल्टों से कस दिया जाता है।

(द) इस पकड़ का फर्श बहुधा ईंटों का बनाया जाता है, और उस पर सीमेन्ट की पोइंन्टिग होती है या सीमेन्ट का प्लास्तर करके बर्फी काट दी जाती है।

इस प्रकार की अच्छी पकड़ २०० से ३०० रुपये में बन जायेगी और १०-१५ वर्ष तक काम करती रहेगी।

मैंने इस प्रकार लोहे की पत्ती का प्रयोग अपनी विदेश यात्रा में कई स्थानों पर झण्डे, बिजली के खम्भों आदि में देखा था और उसी को इसमें परीक्षण कर लाभप्रद देखने की युक्ति निकाली। इस प्रकार से बनाये जाने से क्षमता भी अच्छी होगी और अधिक टिकाऊ होने के कारण व्यय भी प्रति वर्ष कम होगा।

★

मध्यप्रदेश में ग्राम योजना की प्रगति (पृष्ठ ३० का शेष)

क्षेत्रों में उत्तम प्रजनन से वांछित सफलता हासिल नहीं की जा सकी और उतम खाद्य की भी व्यवस्था नहीं की जा सकी।

अपर्याप्त कर्मचारी

मुख्य ग्राम योजना की सफलता के लिये कार्यक्रम से पूरी जानकारी प्राप्त अनुभवी तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों को नियुक्त करने की आवश्यकता है। दुर्भाग्य से मध्य प्रदेश, विन्ध्य प्रदेश तथा भोपाल के क्षेत्रों में ऐसे कर्मचारियों का अभाव है।

बछड़ा सहायता योजना

चुने हुए बछड़ों के उचित खाद्य के लिये मुख्य ग्रामों में पशुपालकों को दस रुपये की मासिक सहायता देना सचमुच महत्वपूर्ण प्रोत्साहन है। अभी तक भारत सरकार केवल शुद्ध नर बछड़ों को ही सहायता दे रही है। अधिकांश मुख्य ग्राम केन्द्रों में अधिकांश अज्ञात कुल पशुओं के होने के कारण इस सहायता से पूरा लाभ उठाया नहीं जा सकता। अज्ञात कुल पशुओं से उत्पन्न नर बछड़े प्रजनन के लिये अनुपयोगी हैं। ऐसे बछड़ों को सहायता नहीं दी जा सकती। हमारे राज्य की खास परिस्थितियों में बछड़ियों को सहायता देकर अगली शताब्दी के उन्नतिकरण की व्यवस्था की जानी चाहिए। भारत सरकार ने हमारे सुझाव को नहीं माना है। फलस्वरूप इस योजना से प्राप्त बछड़ों की सहायता का लाभ उठाने में हम असमर्थ हैं। दूसरे राज्यों ने भी इस बात की मांग की है और आशा है कि भारत सरकार योजना में परिवर्तन मंजूर करेगी।

दुग्ध अभिलेखक की नियुक्ति

योजना की सफलता तथा मूल्यांकन के लिये हरेक मुख्य ग्राम खण्ड में एक दुग्ध अभिलेखक की नियुक्ति की जाय जो गोसंख्या के दस प्रतिशत का अभिलेख रखें जिससे दुग्ध उत्पादन का सही ब्योरेवार विवरण मिल सके।

गो सं व र्ध न वि शे षां क

"कृ षि व्य व स्था में गो ध न"

केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद नवें गोसंवर्धन समारोह के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस बार भी गोसंवर्धन पत्रिका का विशेषांक प्रकाशित कर रही है। इस अंक में पशु विकास के एक महत्वपूर्ण पहलू "कृषि अर्थव्यवस्था में गोधन" पर सारगर्भित लेख होंगे। उदाहरण के लिए कुछ विषयों की सूची नीचे दी जा रही है :—

(१) भारतीय खेती में गोपशु का स्थान।
(२) भारत में खेती का आधार—बैल।
(३) मिली जुली खेती की अर्थ-व्यवस्था।
(४) किसान की आर्थिक स्थिति में गाय का योग।
(५) गोपशु और भूमि की उर्वरता।
(६) खेती की उन्नति में पशु-पालकों का योग।

इस विशेषांक में अस्सी से सौ पृष्ठ तक होंगे। मुख्य ग्राम अधिकारियों, विकास कार्यकर्त्ताओं, डेरी कर्मचारियों, पशु चिकित्सकों, किसानों, सामुदायिक विकास अधिकारियों, सामान्य पशु पालकों, गौशाला-पिंजरापोलों के लिये यह अंक विशेष उपयोगी होगा। इस अंक का मूल्य डेढ़ रुपया है। यह विशेषांक सीमित संख्या में प्रकाशित हो रहा है अतः पाठकों से अनुरोध है कि यदि वे अंक की अतिरिक्त प्रतियां चाहें तो पहले से ही सुरक्षित करा लें।

सम्बन्धित विषयों पर लेख संपादक के नाम १५ अगस्त तक पहुंच जाना चाहिये।

विज्ञापन के लिये अभी स्थान रिक्त है। विज्ञापन दाता शीघ्र आर्डर देकर लाभ उठावें।

संपादक, केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद, नई दिल्ली।

Second Gosamvardhana Seminar
Mount Abu
20-22 June 1960

THE importance of Seminars needs no emphasis. They provide a common forum on an all-India basis to experts and workers in the field for discussions on a variety of problems. The Council proposes to make the holding of seminars a regular feature.

The first Gosamvardhana Seminar was held in Srinagar in 1958. Some of the problems which confronted the worker in the field of cattle development were discussed—important being those relating to the role of Gaushalas and other private institutions in the field of cattle development, feeds and fodder resources, salvage of dry milch cattle etc. The Second Gosamvardhana Seminar is being held from 20th to 22nd June, 1960 at Mount Abu (Rajasthan). The views expressed by specialists and workers particularly in the Seminar will be very timely at this juncture when the Third Plan is in the drafting stage.

SUBJECTS FOR THE SEMINAR

- To consider ways and means for preserving good quality cattle in the breeding areas.
- To consider ways and means for raising necessary enthusiasm among cattle-owners for adopting improved cattle husbandry practices.
- To review the working of the following schemes :—
  - (i) Gaushala Development Scheme
  - (ii) Gosadan Scheme including the utilisation of fallen animals
  - (iii) All-India Milk Yield Competition Scheme
  - (iv) Stray and Wild Cattle Catching Scheme
  - (v) Feed and fodder development scheme
  - (vi) Nomadic cattle breeders scheme
  - (vii) Schemes for salvage dry milch cattle and young calves from cities and towns.
- To consider the type/s of cattle owners' organisations best suited at the village and block levels and suggest steps necessary for setting-up of these organisations.
- To review the programme for 'Gosamvardhana Week'.
- To consider the desirability of popularising milk recording on a national scale and suggest the organisation necessary for the purpose.
- To review the working of the State Federations of Gaushalas and Pinjrapoles and the State Council of Gosamvardhana.
- To consider the problems associated with the centre and rational management of village common grazing areas.
- To consider the measures and organisation necessary for the collection and segregation of unproductive cattle at block and district levels, especially from areas of intensive cattle development activity.
- To consider the measures and organisation necessary for rounding-up of stray and wild cattle particularly in the States where this problem is acute

GOSAMVARDHANA'S SPECIAL NUMBER
ON
CATTLE IN THE FARM ECONOMY

Keeping with its past tradition, the Council this year too is bringing out a Special Number of Gosamvardhana on the occasion of the eighth Gosamvardhana Celebrations.

The Number will be devoted to an important subject of cattle Development, *viz.*, Cattle in the Farm Economy and will be a comprehensive volume covering every espect of the subject. A few of the topics are detailed below.

(*i*) Role of Cattle in Indian Farming
(*ii*) Bullock the Backbone of Indian Agriculture
(*iii*) Economics of Mixed Farming
(*iv*) A Cow in the Farmer's Economy
(*v*) Cattle and Soil Fertility
(*vi*) Role of Cattle Breeding in raising the standard of Farm Economy.

The Special Number will comprise of 80 to 100 pages in usual size ($10'' \times 7\frac{1}{2}''$), and will contain articles in English and Hindi.

Authors may send their contributions on any of the above subjects latest by 15th August.

This Number will be of great utility and value to Key Village Officers, Extension Workers, Dairymen, Veterinarians, Agriculturists, Block Development Officers, Students, Gaushalas and Pinjrapoles, and cattle owners in general. As a limited number of copies are being printed, purchase-orders should be placed at the earliest. It is priced Rs. 1.50 nP. only.

ADVERTISERS : There is some space available for advertisements and orders for booking space should be placed immediately.

Editor
CENTRAL COUNCIL OF GOSAMVARDHANA,
NEW DELHI.

गोसंवर्धन

(अंग्रेजी-हिन्दी सचित्र मासिक)

गोसंवर्धन में गोसंवर्धन तथा तत्संबन्धित विषयों जैसे प्रजनन-प्रणाली, पशुआहार, उन्नत गोवंश, डेरी तथा पशुपालन प्रणाली, चारे की फसलें तथा उसकी खेती, पशु-चारा तथा उसका उत्कृष्टतर उपयोग, अतिरिक्त घास तथा पशुचारे का संरक्षण, चरागाहों का सुधार, दूध तथा उसका उपयोग, डेरी-उद्योग का विकास, मवेशियों के रोग, रोगों पर नियन्त्रण तथा उनका उपचार, दूध का सहकारिता के आधार पर विक्रय, गोशालाओं तथा पिंजरा-पोलों का विकास, मुख्य ग्राम योजना, पशु-प्रदर्शनी, दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता, पशु-हाट, आदि पर लेख रहते हैं।

गोसंवर्धन किसानों, पशुपालकों, गव्यशाला के कार्य-कर्त्ताओं, पशु-चिकित्सकों, मुख्य ग्राम अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, विस्तार कार्य-कर्त्ताओं, गौशालाओं तथा पिंजरापोलों के संचालकों तथा कृषि, पशु-चिकित्सा एवं डेरी के छात्रों के लिए पथ-प्रदर्शन का कार्य करता है। उपर्युक्त विषयों पर मौलिक लेख, प्राविधिक नोट, वैयक्तिक अनुभव, पशु प्रदर्शनी तथा पशु-मेले प्रतियोगिता, गोसंवर्धन-समारोह, गो-सम्मेलन आदि के संक्षिप्त विवरण सहायक सम्पादक, केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद, १६–ए आसफ़ अली रोड, नई दिल्ली के पते पर भेजने चाहिए। लेख हिन्दी या अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा में हो सकता है। लेख साफ़ कागज पर एक तरफ़ टाइप किया गया हो। दो पंक्तियों के बीच का व्यवधान दुगना हो। हो सके तो लेख के साथ तत्सम्बन्धित चित्र भी हों।

गोसंवर्धन में निम्नलिखित विषयों के विज्ञापनों को भी स्थान दिया जाता है—कृषि एवं गव्यशाला सम्बन्धी यन्त्र, पशु चिकित्सा से सम्बन्धित उपकरण, बागवानी के काम में आने वाले औज़ार, खाद एवं उर्बरक, पशु-चारा, पेटेण्ट तैयार की गई वस्तुएं, प्रयोगशाला के उपकरण, रासायनिक एवं भैषज्य-सम्बन्धी उत्पादन कीटाणुनाशक एवं छूत रोग निरोधक औषधियां, सिंचाई के यन्त्र तथा उपकरण, कुट्टी काटने का यन्त्र, घास की गांठें बनाने का यन्त्र, बाड़ के काम आने वाली वस्तुएं, बीज तथा पौधे, पशु-प्रदर्शनियां तथा मेले, गोशाला, कृषि एवं प्रजनन केन्द्रों के उपकरण, मवेशियों का क्रय-विक्रय, गव्यशाला में तैयार की गई वस्तुएं, प्रशिक्षण-पाठयक्रम, कृषि-सम्बन्धित पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं, पशु-चिकित्सा तथा तत्सम्बन्धित अन्य विषय आदि।

चन्दा

वार्षिक	रु. ९.००,
एक प्रति	७५ नये पैसे

नोट : गोसंवर्धन का वार्षिक चन्दा ९ रुपये है। बैंक द्वारा भेजते समय इस चन्दे में बैंक चार्जेज शामिल करना अनिवार्य है। इसी तरह मनीआर्डर द्वारा पूरे ९ रुपया आना चाहिए। मनीआर्डर कमीशन ग्राहक को देना होगा

विज्ञापन की दर, एजेन्सी की शर्तें आदि के बारे में पूछताछ निम्नलिखित पते पर करें––

सेक्रेटरी,

केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद्,

१६–ए आसफ़अली रोड,

नई दिल्ली।

GOSAMVARDHANA

(An English-Hindi Illustrated Monthly)

Subscription

Annual:	Rs. 9.00
Single copy:	Re. 0.75

(*Exclusive of M.O. Commission/Bank Draft Charges*)

Gosamvardhana is a monthly journal containing original articles on cattle development and allied subjects, namely, breeding methods, feeding and improved cattle dairy husbandry practices, fodder crops and their cultivation, cattle feeds and their better utilisation, conservation of surplus fodder and grasses, improvement of grazing areas, milk and its utilisation, development of dairy industry, co-operative marketing of milk, cattle diseases and their control and treatment, development of *Gaushalas* and *Pinjrapoles*, Key Village Scheme, cattle shows, milking competitions, cattle markets, etc.

Gosamvardhana is a useful guide to Agriculturists, Cattle Husbandsmen, Dairy Workers, Veterinarians, Key Village Officers, Block Development Officers Extension Workers, Managements of Gaushalas and Pinjrapoles, and Students of Agriculture, Veterinary and Dairying.

Contribution in forms of original articles, technical notes, personal experiences, brief accounts of cattle fairs and shows, competitions, *Gosamvardhana* celebrations, *Gosammelans*, etc., may be sent to the Assistant Editor, Central Council of Gosamvardhana, 16-A Asaf Ali Road, New Delhi.

Contributions may be in Hindi or English preferably typed with double-spacing on one side of the paper. The articles may be suitably illustrated wherever possible.

The Gosamvardhana also accepts advertisements for agricultural and dairy equipment, veterinary appliances, gardening tools, manures and fertilisers, cattle feeds, laboratory equipment, chemicals and pharmaceutical preparations, insecticides and disinfectants, irrigation equipment, fodder chaffing machines, grass baling equipment, seeds and plants, cattle shows and fairs, general equipment for farms and dairies, cattle sales and purchases, dairy products, training courses, books and periodicals, etc

Enquiries regarding subscriptions, rates of advertisements, and agency terms may be addressed to:

The Secretary,
Central Council of Gosamvardhana,
16-A, Asaf Ali Road,
NEW DELHI-6

Regd. No. D. 817.

Practical helps for preventing

LIVESTOCK LOSSES

Experience has proven that certain practices greatly reduce the risk of loss in handling livestock.

Every effort is made to merit the continued confidence and patronage of our many friends in the livestock industry. Our constant aim is to supply dependable products of high standard quality at the lowest consistent prices and with prompt and courteous service.

You may rely implicitly upon any merchandise purchased from our company. Feel free to write us for items that are of interest to you.

All deliveries are subject to availability of stock.

We offer all that is best and latest in **INSTRUMENTS, APPLIANCES AND EQUIPMENTS** for use in **VETERINARY SURGERY, OBSTETRICS GYNAECOLOGY, ARTIFICIAL INSEMINATION** and **POULTRY HUSBANDRY**.

CIRUGIA DE LUX PRIVATE LTD.,

Head Office :
24, Chowringhee Road,
CALCUTTA-13

TELEPHONE : 23—5552

Branch Office :
Bombay Mutual Annexe Bldgs..
IV Floor, Room No. 34,
17 Gunbow Street,
(Fort) BOMBAY-1

TELEPHONE : 26—3802

GRAM : "SURGIQUIP"

Printed and published by H. J. Makhijani, Secretary, Central Council of Gosamvardhana, New Delhi at The Zodiac Press, Tilak Marg, Delhi-6